वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक : 7 मई 2020

-: प्रेस विज्ञप्ति :-

विशाखापट्टनम गैस त्रासदी के दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई : अभाविप

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, विशाखापट्टनम में एल जी पॉलीमर कारखाने से स्टाइरीन गैस लीक की भयावह दुर्घटना के दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग करती है। साथ ही इस दुर्घटना के मृतकों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती है तथा गैस रिसाव से प्रभावितों के शीघ्र स्वास्थ्यलाभ की कामना करती है।

अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री उदय आइनाला ने कहा कि, "विशाखापट्टनम में गैस लीक होने से हुई मृत्यु ने भोपाल गैस त्रासदी के उस दृश्य को पुनर्जीवित कर दिया है। अभाविप इस घटना की निष्पक्ष जाँच कराने तथा इसमें जिम्मेदारी सुनिश्चित और सभी इंडुस्ट्रीज़ की सुरक्षा ऑडिट करने की मांग करता है ताकि भविष्य में ऐसी भयावह दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

अभाविप की राष्ट्रीय महामंत्री सुश्री निधि त्रिपाठी ने कहा कि, "विशाखापट्टनम से आ रही गैस लीक की खबर अत्यंत हृदयविदारक है। हमारी सहानुभूति इस दुर्घटना से प्रभावित सभी व्यक्तियों और परिवारों के साथ है। ईश्वर मृतकों की आत्मा को शांति दे तथा गैस प्रभावितों को शीघ्र स्वास्थ्यलाभ हो ऐसी हम कामना करते हैं।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केन्द्रीय कार्यालय मंत्री नीरज चौधरकर द्वारा जारी की गई है।)